**दिनांक 30.01.2017 को नगर परिषद्, छपरा, नगर कार्यपालक पदाधिकारी के कक्ष में नरेन्द्र कुमार सिंह, अपर सचिव, नगर निकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना की अध्यक्षता में सारण जिले के नगर निकायों से संबंधित विभिन्न विषयों पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक की उपस्थिति एवं कार्यवाही –**

1. अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री अंजय कुमार राय, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, छपरा।
3. श्री रघुनाथ पासवान, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत परसा बाजार।
4. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत एकमा बाजार
5. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत सोनपुर
6. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मढ़ौरा
7. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत रिविलगंज
8. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत दिघवारा

[illegible]

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :–**

**<u>नगर परिषद, छपरा :–</u>** नगर परिषद्, छपरा के कुल 44 वार्डो में से 45 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। सभी योजनाओं का कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। 40 वार्डो में कार्य प्रारंभ हो गया है।

**<u>नगर पंचायत, सोनपुर :–</u>** नगर पंचायत सोनपुर में कुल 21 वार्डो में से 28 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। किसी योजना का निविदा अंतिम रूप से निष्पादित नहीं हो सका है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र निष्पादन कर कार्य में प्रगति लाई जाय।

**<u>नगर पंचायत, दिघवारा :–</u>** नगर पंचायत दिघवारा में कुल 18 वार्डो में 27 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। किसी योजना का निविदा अंतिम रूप से निष्पादित नहीं हो सका है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र निष्पादन कर कार्य में प्रगति लाई जाय।

**<u>नगर पंचायत, मढ़ौरा :–</u>** नगर पंचायत मढ़ौरा में कुल 16 वार्डो में 29 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। निर्देश दिया गया कि नाली–गली योजना का कार्य नल–जल पाईप लाईन विस्तार **Networking** का कार्य करा कर ही पथ में नाली–गली का कार्य प्रारंभ किया जाए।

**नगर पंचायत, रिविलगंज :-** नगर पंचायत रिविलगंज में कुल 21 वार्डो में 29 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। 04 वार्ड का कार्य प्रारंभ करने हेतु कार्यादेश निर्गत करने की प्रक्रिया में है। निर्देश दिया गया कि नाली-गली योज़ना का कार्य नल-जल पाईप लाईन विस्तार **Networking** का कार्य करा कर ही पथ में नाली-गली का कार्य प्रारंभ किया ज़ाए।

**नगर पंचायत, एकमा बाजार :-** नगर पंचायत एकमा बाजार में कुल 19 वार्डो में 19 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। कार्यादेश निर्गत करने की प्रक्रिया में है। निर्देश दिया गया कि नाली-गली योजना का कार्य नल-जल पाईप लाईन विस्तार **Networking** का कार्य करा कर ही पथ में नाली-गली का कार्य प्रारंभ किया जाए।

**नगर पंचायत, परसा बाजार :-** नगर पंचायत परसा बाजार में कुल 22 वार्डो के 08 वार्डो में 13 योज़नाओं का निविदा कर लिया गया है। शेष वार्डो में योजना नहीं ली गई है। निर्देश दिया गया कि विभागिय निर्देश के आलोक में सभी वार्डो के लिए योजना की निविदा 15 फरवरी तक कर ली जाए। एवं जिन वार्डो का निविदा हो चुकी है, उसमें नाली-गली योजना का कार्य नल-जल पाईप लाईन विस्तार **Networking** का कार्य करा कर ही पथ में नाली-गली का कार्य प्रारंभ किया जाए।
उपस्थित सभी निकाय के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक गली में नल-जल का **Networking** कार्य होने के पश्चात् ही नली-गली का पक्कीकरण कार्य किया जाए। तथा कार्य में तिब्रता लाई जाए।

S/c to Himani

# मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

**नगर परिषद, छपरा :-** नगर परिषद्, छपरा शहर अमृत मिशन योजना 2016-17 में है। इसके कुल वार्डो की संख्या - 44 है। हर घर नल-ज़ल योजना के क्रियान्वयन हेतु बी0आर0जे0पी0 द्वारा डी0पी0आर0 तैयार किया जा चुका है। इस योज़ना के नगर परिषद्, द्वारा नहीं कराया जाना है।

विभागीय पत्रांक 330 दिनांक 20.01.2017 से निर्गत निर्देश के पूर्व ही नगर परिषद् द्वारा **PHED** से क्रियान्वित योजनाओं का प्रभार लिया जा चुका है। निर्देश दिया गया कि वर्णित पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार पुनः सूचनाएँ एकत्रित कर ली जाए। इस योजना में नगर परिषद् को कोई आवंटन प्राप्त नहीं है।

**<u>नगर पंचायत, सोनपुर</u>** :- नगर पंचायत सोनपुर कुल वार्डो की संख्या - 21 है। हर घर नल-जल के क्रियान्वयन हेतु 494.00 लाख रूपये का आवंटन प्राप्त है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 05 फरवरी 2017 तक 02 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा। शेष वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, दिघवारा</u>** :- नगर पंचायत, दिघवारा में कुल वार्डो की संख्या - 18 है। हर घर नल-जल के क्रियान्वयन हेतु 650 लाख रूपये का आवंटन प्राप्त है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कर्यान्वयन हेतु मार्ग दर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 05 फरवरी 2017 तक 04 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा। शेष वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, मढ़ौरा</u>** :- नगर पंचायत, मढ़ौरा में कुल वार्डो की संख्या - 16 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कर्यान्वयन हेतु मार्ग दर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 05 फरवरी 2017 तक 02 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा। शेष वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, रिविलगंज</u>** :- नगर पंचायत, रिविलगंज में कुल वार्डो की संख्या - 21 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से

संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कर्यान्वयन हेतु मार्ग दर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 15 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

विभागीय पत्रांक 330 दिनांक 20.01.2017 से निर्गत निर्देश के पूर्व ही नगर परिषद् द्वारा **PHED** से क्रियान्वित योजनाओं का प्रभार लिया जा चुका है। निर्देश दिया गया कि वर्णित पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार पुनः सूचनाएँ एकत्रित कर ली जाए। इस योजना में नगर परिषद् को कोई आवंटन प्राप्त नहीं है।

**<u>नगर पंचायत, एकमा बाजार :-</u>** नगर पंचायत, एकमा बाजार में कुल वार्डो की संख्या – 19 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कर्यान्वयन हेतु मार्ग दर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 फरवरी 2017 तक 05 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा। शेष वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 28 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, परसा बाजार :-</u>** नगर पंचायत, परसा बाजार में कुल वार्डो की संख्या – 22 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह **AMRUT** योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। विभाग से इस योजना से संबंधित संशोधित N.I.T Format एवं **General Specifiction** विभागीय पत्रांक 514 दिनांक 25.01.2017 से तथा इसके कार्यान्वयन हेतु मार्ग दर्शिका भी सभी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही आवंटन भी उपलब्ध है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 05 फरवरी 2017 तक 11 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा। शेष वार्डो के लिए निविदा की प्रक्रिया 28 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएगी।

निर्देश दिया गया कि जिन निकाय क्षेत्र में **PHED** पूर्व से कार्य कर रही है वो निकाय विभागीय पत्रांक 330 दिनांक 20.01.2017 से निर्गत निर्देश के आलोक में प्रभार ग्रहण करने की कार्यवाई करें। जिनके द्वारा पूर्व में ही **PHED** से क्रियान्वित योजनाओं का प्रभार लिया जा चुका है। निर्देश दिया गया कि वर्णित पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार पुनः सूचनाएँ एकत्रित कर ली जाए।

# शौचालय निर्माण घर का सम्मान

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

12,000 / 9000 / ODF 10 ward / ODF 34 ward Aug-17

**नगर परिषद्, छपरा :-** वर्ष 2016 – 17 के निर्धारित लक्ष्य 4733 के विरूद्ध प्रथम किस्त 2450 लाभुकों को दिया गया है। जिसमें 197 पूर्ण है। वार्ड संख्या 14, 16, 17, 20, 21, 22, 26, 27, 33 एवं 34 ओ0डी0एफ0 हो चुका है। शेष वार्डो को 15 अगस्त 2017 तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। 10 **Publice Toiltet** (06 इकाई प्रति ) पूर्व से बने हुए है एवं सभी कार्यरत है।

5600 - Target / 4 ward-28/2 / March-17

**नगर पंचायत सोनपुर :-** वर्ष 2016–17 के निर्धारित लक्ष्य 1188 के विरूद्ध प्रथम किस्त 226 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 70 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 04 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा।

5100 - Target / ODF-2 ward (3,10) / March-17

**नगर पंचायत दिघवारा :-** वर्ष 2016–17 के निर्धारित लक्ष्य 750 के विरूद्ध प्रथम किस्त 650 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 150 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 02 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। शेष वार्ड 31 मार्च तक करने का प्रयास किया जायेगा।

5200-Target / ODF-2 ward / March-17

**नगर पंचायत मढ़ौरा :-** वर्ष 2016–17 के निर्धारित लक्ष्य 1164 के विरूद्ध प्रथम किस्त 1164 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 60 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 15 फरवरी 2017 तक 02 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। शेष वार्ड 31 मार्च तक करने का प्रयास किया जायेगा।

5818 Target / ODF-2 ward / 31/3/17

**नगर पंचायत रिविलगंज :-** वर्ष 2016–17 के निर्धारित लक्ष्य 1360 के विरूद्ध प्रथम किस्त 874 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 254 पूर्ण है। वार्ड नं0 17 ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित है। वार्ड नं0 18, 28 फरवरी 2017 तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। शेष वार्ड 31 मार्च तक करने का प्रयास किया जायेगा।

6451-Target / ODF-All / 31/3

**नगर पंचायत एकमा बाजार :-** वर्ष 2016–17 के निर्धारित लक्ष्य 2010 के विरूद्ध प्रथम किस्त 374 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 80 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 31 मार्च तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जाएगा।

**नगर पंचायत परसा बाजार :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1482 के विरूद्ध प्रथम किस्त 723 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 35 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। वार्ड सं0 12 एवं 13 को 28 फरवरी तक घोषित कर दिया जाएगा।

निर्देश दिया गया कि ओ0डी0एफ घोषित करने के लिए संसूचित लक्ष्य से अधिक यदि आवश्यक हो तो लिया जा सकता है। तथा सूचना डिमांड के साथ विभाग में भेजने पर स्वीकृति एवं आवंटन प्राप्त कराया जाएगा।

## ठोस अवशिष्ट प्रबंधन

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

**नगर परिषद, छपरा :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 44 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। तथा रात्रि कालिन सफाई भी एन0जी0ओ0 द्वारा की जा रही है। इस निकाय में ट्रेक्टर, कम्पेक्टर, जे0सी0बी0 इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, सोनपुर :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 21 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, जे0सी0बी0, छोटा टिपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, दिघवारा :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 18 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, जे0सी0बी0 छोटा, छोटा टिपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, मढ़ौरा :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 04 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। शेष वार्डो में विभागीय सफाई कार्य कराया जाता है। इस निकाय में ट्रेक्टर, इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, रिविलगंज :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 16 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। शेष वार्डो में विभागीय सफाई कार्य कराया जाता है। इस निकाय में ट्रेक्टर, टिपर, जे0सी0बी0 इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, एकमा बाजार :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण का कार्य कराने हेतु प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। सभी वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा सफाई कार्य कराया जाता है। इस निकाय में ट्रेक्टर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, परसा बाजार :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 11 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। शेष वार्डो में विभागीय सफाई कार्य कराया जाता है। इस निकाय में ट्रेक्टर, टिपर , जे0सी0बी0 इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

## सबके लिए आवास

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

**नगर परिषद्, छपरा :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 562 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, जिसमें से 430 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 50,000/- रूपये की दर दी गई है। तथा 25 लाभुकों को द्वितीय किस्त के रूप में 1,00,000/- रूपये दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जुन 2017 तक लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जायेगी।

**नगर पंचायत सोनपुर :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 800 लाभुकों का चयन किया गया है, 403 लाभुकों को कार्यदेश निर्गत है। जिसमें से 19 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 50,000/- रूपये की दर दी गई है। तथा 10 लाभुकों को द्वितिय किस्त के रूप में 1,00,000/- रूपये दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आवंटन नवम्बर 2016 के अंतिम सप्ताह में प्राप्त होने के कारण प्रगति नहीं हुई है। 200 यूनिट का कार्य 28 फरवरी 2017 तक पुर्ण कर ली जायेगी।

**नगर पंचायत दिघवारा :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 359 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, आवंटन पत्र प्राप्त है। किन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रगति शून्य है।

**नगर पंचायत मढ़ौरा :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 160 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, आवंटन पत्र प्राप्त है। किन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रगति शून्य है।

**नगर पंचायत रिविलगंज :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 100 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, जिसमें से 36 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 50,000/- रूपये की दर दी गई है। तथा 08 लाभुकों को द्वितिय किस्त के रूप में 1,00,000/- रूपये दी गई है। 31 मार्च 2017 तक लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**नगर पंचायत एकमा बाजार :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 250 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, आवंटन पत्र प्राप्त है। किन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रगति शून्य है।

**नगर पंचायत परसा बाजार :-** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 602 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, आवंटन पत्र प्राप्त है। किन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रगति शून्य है।

## राजीव आवास योजना

इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों में योजना स्वीकृत नहीं है।

## आई0एच0एस0डी0पी0 योजना

इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों में योजना स्वीकृत नहीं है।

## नगर निकायों की मुख्य समस्याएँ

बेलट्रॉन के साईट E.Pro से ठीक से काम नहीं करने के कारण निविदा के निष्पादन में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में बेलट्रॉन में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया जा सकता है।

नगर परिषद् में कार्यरत कर्मियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई की नगर परिषद्, छपरा में एक कनीय अभियंता स्थाई रूप से कार्यरत है। शेष निकायों में बोर्ड के निर्णय के अनुसार दैनिक रूप से कनीय अभियंता को रख कर कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार परसा, दिघवारा, सोनपुर में नगर प्रबंधक कार्यरत है। अन्य निकायों में नगर प्रबंधक नहीं है।

नगर परिषद्, छपरा, नगर पंचायत एकमा बाजार, दिघवारा एवं सोनपुर में प्रधान सहायक स्थाई रूप से है। शेष अन्य निकायों में नहीं है।

सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त वर्णित सभी योजनाओं में कार्य द्रुतगति से कराई जाए।

30/1/17

अपर सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।